केन्द्रीय सूचना आयोग
द्वितय तल, अगस्त क्रांति भवन
भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली – 110066.
******

प्रथम अपील सं. CICOM/A/2017/60066 दिनांक: 05.06.2017
संदर्भ संचिका सं. CICOM/R/2017/50189

अपीलकर्ता : श्री राजेंद्र कुमार जैन
24 नॉर्थ विजय नगर कॉलोनी
आगरा

निर्णय की तारीख: 05.06.2017

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आर.टी.आई. आवेदन की तिथि | 19.04.2017 |
| आर.टी.आई. के तहत सूचना प्रदान करने की तिथि | 03.05.2017 |
| प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी का नाम | श्री दिनेश कुमार |
| ऑनलाइन प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि | 01.06.2017 |

1. अपीलकर्ता ने आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से कार्यालय के पत्र संख्या CIC/BS/C/2016/000132 दिनांक 17.03.2017 एवं CIC/BS/C/2014/000336 दिनांक 12.04.2017 के संबंध में छः बिंदुओं पर सूचना माँगी थी । प्रथम अपील आवेदन के माध्यम से अपीलकर्ता ने आरोप लगाया है कि उन्हें वांछित सूचना अंग्रेजी भाषा में दी गई है तथा भ्रामक आख्या देकर आयोग के नोटिस दिनांक 17.03.2017 एवं दिनांक 12.04.2017 को सही ठहराने का प्रयास किया गया है।

2. संबंधित संचिका का अवलोकन करने पर पाया गया कि अपीलकर्ता के दिनांक 19.04.2017 का आर.टी.आई. आवेदन दाखिल किया है एवं दिनांक 03.05.2017 को वांछित सूचना श्री दिनेश कुमार, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवा दी गई है । श्री दिनेश कुमार, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा प्रदान की गई बिंदुवार सूचना बिल्कुल सही है तथा इसमें प्रथम अपीलीय अधिकारी के हस्तक्षेप की कोई आवश्यकता नहीं है । अंग्रेजी भाषा प्रयोग करने के संबंध में उल्लेख किया जाता है कि आयोग में हिन्दी टंकण जानने वाले कार्मिकों के अभाव तथा आर.टी.आई. आवेदनों के समयबद्ध होने के कारण हिन्दी में सूचना प्रदान करने में कठिनाई होती है, **फिर भी संबंधित जन सूचना अधिकारी श्री दिनेश कुमार को निर्देश दिया जाता है कि भविष्य में हिन्दी में प्राप्त आवेदनों के संदर्भ में यथासम्भव हिन्दी में ही सूचना देने का प्रयास किया जाए।**

3. तद्नुसार अपील निस्तारित की जाती है ।

4. प्रस्तुत संदर्भ में अपीलकर्ता यदि इस आदेश/निर्णय से संतुष्ट न हों तो अधिनियम की धारा 19(3) के अंतर्गत द्वितीय अपील इस आदेश की प्राप्ति के 90 दिनों के अंदर केन्द्रीय सूचना आयोग, 'सी' विंग, अगस्त क्रांति भवन, भिकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली - 110066 में की जा सकती है ।

राकेश

(आर. के. सिंह)
अपर सचिव एवं
प्रथम अपीलीय अधिकारी

प्रतिलिपि :
1. श्री ए. के. शर्मा, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।
2. श्री दिनेश कुमार, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली।

Dayanand
5/6/17